# मोम के बच्चे

Southern African Folktale

Wiehan de Jager

Nandani

2

हिन्दी hi

एक समय की बात है, एक बहुत ही खुशहाल परिवार था।

वे कभी एक दूसरे से नहीं लड़ते थे। वे घर पर और खेतों में अपने माता-पिता की मदद करते थे।

पर उन्हें आग के पास जाने की अनुमति नहीं थी।

वे अपना सारा काम रात में करते थे, क्योंकि वे मोम से बने हुए थे।

लेकिन उन में से एक लड़के की सूरज की रोशनी में जाने की इच्छा थी।

एक दिन उसकी जाने की बहुत ज़्यादा इच्छा हुई तो उसके भाइयों ने उसे चेतावनी दी...

पर बहुत देर हो चुकी थी! वह गर्म धूप में पिघल गया था।

अपने भाई को पिघलता देख मोम के बच्चे बहुत उदास हो गए।

पर उन्होंने एक योजना बनाई। उन्होंने उस मोम को एक चिड़िया का आकार दे दिया।

वे अपने चिड़िया बने भाई को एक ऊँचे पहाड़ पर ले गए।

और जैसे ही सूरज निकला, वह सुबह की रोशनी में गाता हुआ उड़ गया।

# Global Storybooks

globalstorybooks.net

## मोम के बच्चे

Southern African Folktale

Wiehan de Jager

Nandani

CC BY